भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
21.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1707 का उत्तर

जिरिबाम-इंफाल रेल लाइन

1707. डॉ. आर.के. रंजनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 110 किलोमीटर लंबी जिरिबाम-इंफाल रेल लाइन की चल रही महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजना में आज की तिथि के अनुसार कितनी प्रगति हुई है;
(ख) क्या जिरिबाम-इंफाल रेल परियोजना को पूरा करने की दिसंबर, 2020 की निर्धारित समय-सीमा को स्थगित कर दिया गया है; और
(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

Sk

जिरिबाम-इंफाल रेल लाइन के संबंध में 21.09.2020 को लोक सभा में डॉ. आर.के. रंजन के अतारांकित प्रश्न सं. 1707 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): जिरिबाम-इंफाल (110.625 किमी) नई लाइन परियोजना को 2003-04 के बजट में शामिल किया गया है। परियोजना की नवीनतम प्रत्याशित लागत 12,264 करोड़ रु. है। मार्च, 2020 तक 10,089 करोड़ रु. का व्यय किया गया है और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 800 रु. का परिव्यय मुहैया कराया गया है।

जिरिबाम से वंगाईचुंगपाओ तक 12 किमी लंबाई का कार्य पूरा हो गया है और इसे मार्च, 2017 में यातायात के लिए खोल दिया गया और उपलब्ध भूमि में कार्य शुरू कर दिया गया है।

कुल 47 सुरंगों में से, 46 अदद सुरंगों की खुदाई का कार्य पूरा हो गया है। 2014-19 के दौरान 47.40 किमी सुरंग की खुदाई पूरी की जा चुकी है, जो 2009-14 के दौरान की गई सुरंग खुदाई से 110% (22.52 किमी) अधिक है।

11 बड़े पुलों में से 5, 128 छोटे पुलों में से 108, 5 ऊपरी सड़क पुलों (आरओबी) में से 3 और 12 निचले सड़क पुलों (आरयूबी) में से 2 का कार्य पूरा कर लिया गया है।

(ख) और (ग): किसी भी परियोजना का समय से पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वन संबंधी स्वीकृति, बाध्यकारी उपयोगिताओं का अंतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति को ध्यान में रखते हुए परियोजना विशेष साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और ये सभी कारक परियोजना दर परियोजना भिन्न होते हैं तथा परियोजना के निष्पादन-समय को प्रभावित करते हैं।

जिरिबाम-इंफाल नई लाइन परियोजना एक युवा हिमालय के पहाड़ी भू-भाग में चुनौतीपूर्ण परियोजना है, जिसमें 141 मीटर ऊँचे पाए वाले पुल आदि सहित 47 अदद

सुरंगें और 156 अदद पुल हैं। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी ने कार्यस्थल की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव भी डाला है। अतः, इन परियोजनाओं के पूरा होने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है।

****

Sk